**6.24** समय $t = 0$ और $t = \dfrac{\pi}{4\omega}$ के बीच छड़ OP भुजा BD से सम्पर्क बनाएगी। मान लीजिए छड़ की सम्पर्क की लम्बाई OQ किसी समय $t\left(0 < t < \dfrac{\pi}{4\omega}\right)$ पर $x$ है। क्षेत्रफल ODQ से गुजरने वाला फ्लक्स है $\phi = B\dfrac{1}{2}\text{QD}\times\text{OD} = B\dfrac{1}{2}l\tan\theta \times l$

$= \dfrac{1}{2}$ B $l$ यहाँ $\theta = \omega t$




इस प्रकार उत्पन्न emf का परिमाण है $\varepsilon = \dfrac{d\phi}{dt} = \dfrac{1}{2}Bl^2\omega\sec^2\omega t$ प्रवाहित धारा है $I = \dfrac{\varepsilon}{R}$

यहाँ $R$ छड़ की सम्पर्क वाली लम्बाई का प्रतिरोध है

$$R = \lambda x = \frac{\lambda l}{\cos\omega t}$$

$$\therefore \quad I = \frac{1}{2}\frac{Bl^2\omega}{\lambda l}\sec^2\omega t\cos\omega t = \frac{Bl\omega}{2\lambda\cos\omega t}$$




अन्तराल $\frac{\pi}{4\omega} < t < \frac{3\pi}{\omega}$ में छड़ भुजा AB के सम्पर्क में है। मान लीजिए छड़ के सम्पर्क वाले भाग की लम्बाई (OQ) $x$ है। तब OQBD से गुजरने वाली फ्लक्स है–

$$\phi = \left(l^2 + \frac{1}{2}\frac{l^2}{\tan\theta}\right)B \quad \text{यहाँ } \theta = \omega t$$

इस प्रकार उत्पन्न emf का परिमाण है $\varepsilon = \frac{d\phi}{dt} = \frac{1}{2}Bl^2\omega\frac{\sec^2\omega t}{\tan^2\omega t}$

प्रवाहित धारा है $I = \frac{\varepsilon}{R} = \frac{\varepsilon}{\lambda x} = \frac{\varepsilon\sin\omega t}{\lambda l} = \frac{1}{2}\frac{Bl\omega}{\lambda\sin\omega t}$




अन्तराल $\frac{3\pi}{\omega} < t < \frac{\pi}{\omega}$ पर छड़ भुजा OC को स्पर्श करेगी। तब OQABD से गुजरने वाला फ्लक्स है $\phi = \left(2l^2 - \frac{l^2}{2\tan\omega t}\right)B$

इस प्रकार emf का परिमाण है

$$\varepsilon = \frac{d\phi}{dt} = \frac{B\omega l^2\sec^2\omega t}{2\tan^s\omega t}$$

$$I = \frac{\varepsilon}{R} = \frac{\varepsilon}{\lambda x} = \frac{1}{2}\frac{Bl\omega}{\lambda\sin\omega t}$$

**6.25** तार से दूरी $r$ पर




क्षेत्र $B(r) = \frac{\mu_o I}{2\pi r}$ (कागज़ के बहिर्मुखी)

तार से दूरी $r$ पर चौड़ाई $dr$ की किसी पट्टिका पर विचार कीजिए

लूप से कुल फ्लक्स है:

$$\text{फ्लक्स} = \frac{\mu_o I}{2\pi} l \int_{x_o}^{x} \frac{dr}{r} = \frac{\mu_o I}{2\pi} \ln\frac{x}{x_o}$$

$$\frac{1}{R}\frac{dI}{dt} = \frac{\varepsilon}{R} = I = \frac{\mu_o l}{2\pi}\frac{\lambda}{R} ln\frac{x}{x_0}$$

**6.26** यदि पाश में प्रवाहित धारा $I\ (t)$ है, तब

$$I(t) = \frac{1}{R}\frac{d\phi}{dt}$$




यदि समय $t$ में प्रवाहित आवेश $Q$ है, तब

$$I(t) = \frac{dQ}{dt} \text{ or } \frac{dQ}{dt} = \frac{1}{R}\frac{d\phi}{dt}$$

समाकलन करने पर $Q(t_1) - Q(t_2) = \frac{1}{R}\left[\phi(t_1) - \phi(t_2)\right]$

$$\phi(t_1) = L_1 \frac{\mu_o}{2\pi}\int_x^{L_2+x}\frac{dx'}{x'}\, I(t_1)$$

$$= \frac{\mu_o L_1}{2\pi} I(t_1) \ln\frac{L_2 + x}{x}$$

आवेश का परिमाण

$$Q = \frac{\mu_o L_1}{2\pi}\ln\frac{L_2 + x}{x}\left[I_o - 0\right]$$

$$= \frac{\mu_o L_1 I_1}{2\pi}\ln\left(\frac{L_2 + x}{x}\right)$$

**6.27** $2\pi bE = E.M.F = \frac{B.\pi a^2}{\Delta t}$ यहाँ $E$ पाश के चारों ओर उत्पन्न विद्युत क्षेत्र है।

बल आघूर्ण $= b \times$ बल $= Q\ E\ b\ = Q\left[\frac{B\pi a^2}{2\pi b\Delta t}\right]b$

$$= Q\frac{Ba^2}{2\Delta t}$$

यदि कोणीय संवेग में परिवर्तन $\Delta L$ है, तब

$\Delta L =$ बल आघूर्ण $\times \Delta t = Q\frac{Ba^2}{2}$





23/04/18

अंतिम कोणीय संवेग = 0

अंतिम कोणीय संवेग $= mb^2\omega = \dfrac{QBa^2}{2}$

$$\omega = \frac{QBa^2}{2mb^2}$$

**6.28** $m\dfrac{d^2x}{dt^2} = mg\sin\theta - \dfrac{B\cos\theta\, d}{R}\left(\dfrac{dx}{dt}\right)\times(Bd)\cos\theta$

$$\frac{dv}{dt} = g\ \sin\theta - \frac{B^2d^2}{mR}(\cos\theta)^2\, v$$

$$\frac{dv}{dt} + \frac{B^2d^2}{mR}(\cos\theta)^2\, v = g\ \sin\theta$$

$$v = \frac{g\sin\theta}{\left(\dfrac{B^2d^2\cos^2\theta}{mR}\right)} + A\exp\left(-\frac{B^2d^2}{mR}(\cos^2\theta)t\right)$$

[जहाँ A एक स्थिरांक है जिसका मान आरंभिक अवस्थाओं से निर्धारित होता है।]

$$= \frac{mgR\sin\theta}{B^2d^2\cos^2\theta}\left(1 - \exp\left(-\frac{B^2d^2}{mR}(\cos^2\theta)t\right)\right)$$

**6.29** यदि संधारित्र पर आवेश $Q\ (t)$ है (ध्यान दीजिए, धारा प्रवाह A से B की ओर है), तब

$$I = \frac{vBd}{R} - \frac{Q}{RC}$$




$$\Rightarrow \frac{Q}{RC} + \frac{dQ}{dt} = \frac{vBd}{R}$$

$$Q = vBdC + Ae^{-t/RC}$$

$\therefore\ \Rightarrow Q = vBdC[1 - e^{-t/RC}]$ (समय $t = 0$ पर $Q = 0 = A = -vBdc$)

$$I = \frac{vBd}{R}e^{-t/RC}$$

**6.30** $-L\dfrac{dI}{dt} + vBd = IR$

$$L\frac{dI}{dt} + IR = vBd$$




$$I = \frac{vBd}{R} + A\,e^{-Rt/2}$$

$t = 0$ पर $\qquad I = 0 \Rightarrow A = -\dfrac{vBd}{R}$

$$I = \frac{vBd}{R}\left(1 - e^{-Rt/L}\right)$$

**6.31** $\dfrac{d\phi}{dt}$ = फ्लक्स में परिवर्तन की दर = $(\pi l^2)\, B_o\, l\, \dfrac{dz}{dt} = IR$

$$I = \frac{\pi l^2 B_o \lambda}{R} v$$

प्रति सेकण्ड ऊर्जा क्षय = $I^2 R = \dfrac{(\pi l^2 \lambda)^2 B_o{}^2 v^2}{R}$

यह स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तन की दर से प्राप्त होना चाहिए = $m\,g\dfrac{dz}{dt} = mgv$

($v$= नियत होने के कारण गतिज ऊर्जा नियत है)

इस प्रकार $mgv = \dfrac{(\pi l^2 \lambda B_0)^2 v^2}{R}$

अथवा $v = \dfrac{mgR}{(\pi l^2 \lambda B_o)^2}$

**6.32** किसी परिनालिका के कारण चुम्बकीय क्षेत्र $B = \mu_0 nI$

छोटी कुण्डली में चुम्बकीय फ्लक्स $\phi = NBA$

यहाँ $A = \pi b^2$




अतः $e = \dfrac{-d\phi}{dt} = \dfrac{-d}{dt}(NBA)$

$$= -N\pi b^2 \frac{d(B)}{dt} = -N\pi b^2 \frac{d}{dt}(\mu_0 nI)$$

$$= -N\pi b^2 \mu_0 n \frac{dI}{dt}$$

$$= -Nn\pi\mu_0 b^2 \frac{d}{dt}(mt^2 + C) = -\mu_0 Nn\pi b^2 2mt$$

$$e = -\mu_0 Nn\pi b^2 2mt$$

ऋणात्मक चिह्न प्रेरित emf का परिमाण चित्र में दर्शाए अनुसार समय के साथ परिवर्तित होता है।

# अध्याय 7

**7.1** (d)

**7.2** (c)

**7.3** (c)

**7.4** (b)

**7.5** (c)

**7.6** (c)

**7.7** (a)

**7.8** (a), (d)

**7.9** (c), (d)

**7.10** (a), (b), (d)

**7.11** (a), (b), (c)

**7.12** (c), (d)

**7.13** (a), (d)

**7.14** चुम्बकीय ऊर्जा गतिज ऊर्जा के सदृश तथा वैद्युत ऊर्जा स्थितिज ऊर्जा के सदृश।

**7.15** उच्च आवृत्ति पर, संधारित्र ≈ लघु पथ (निम्न प्रतिघात) तथा प्रेरक खुला परिपथ (उच्च प्रतिघात) $Z \approx R_1 + R_3$ जैसा तुल्य परिपथ में दर्शाया गया है।




**7.16** (a) हाँ, यदि दोनों परिपथों में rms वोल्टता समान है तो अनुनाद स्थिति में $LCR$ में rms धारा उतनी ही होगी जितनी $R$ परिपथ में।

(b) नहीं, क्योंकि $R \le Z$, अतः $I_a \ge I_b$

**7.17** हाँ, नहीं

**7.18** बैंड चौड़ाई उन आवृत्तियों के संगत है जिन पर




$$I_m = \frac{1}{\sqrt{2}} I_{max} \approx 0.7 I_{max}$$

यह चित्र में दर्शाया गया है

$\Delta\omega$ = 1.2 – 0.8 = 0.4 rad/s

**7.19** $I_{rms}$ = 1.6 A चित्र में बिन्दुकित रेखा द्वारा निरूपित।




**7.20** ऋणात्मक से शून्य फिर धनात्मक, अनुनाद आवृत्ति पर शून्य।

**7.21** (a) A

(b) शून्य

(c) L अथवा C अथवा LC

**7.22** a.c. धारा की दिशा स्रोत की आवृत्ति के साथ बदलती है तथा आकर्षण बल का औसत मान शून्य हो जाता है, अतः a.c. के संदर्भ में एम्पियर को किसी ऐसे गुण के पदों में परिभाषित किया जाना चाहिए जो धारा की दिशा पर निर्भर न करता हो। जूल का ऊष्मन प्रभाव एक ऐसा ही गुण है अतः इसका उपयोग a.c. के rms मान को परिभाषित करने के लिए किया जा सकता है।

**7.23** $X_L = \omega L = 2pfL$

$= 3.14\Omega$

$$Z = \sqrt{R^2 + L^2}$$

$$= \sqrt{(3.14)^2 + (1)^2} = \sqrt{10.86}$$

$$\simeq 3.3\Omega$$

$$\tan\phi = \frac{\omega L}{R} = 3.14$$

$$\phi = \tan^{-1}(3.14)$$

$$\simeq 72°$$

$$\simeq \frac{72 \times \pi}{180} \text{rad.}$$

समयपश्चता $\Delta t = \dfrac{\phi}{\omega}$

$$= \frac{72\times\pi}{180\times 2\pi\times 50} = \frac{1}{250}\text{s}$$

**7.24** $P_L$ = 60W, $I_L$ = 0.54A

$$V_L = \frac{60}{0.54} = 110\text{V}$$

ट्रांसफॉर्मर अपचायी है तथा निर्गत वोल्टता निवेश वोल्टता की आधी है, अतः,

$$i_p = \frac{1}{2}\times I_2 = 0.27\text{A}$$

**7.25** संधारित्र की प्लेटों के बीच के अन्तराल का प्रतिरोध अनन्त होने के कारण इससे होकर दिष्टधारा प्रवाहित नहीं हो सकती। संधारित्र की प्लेटों के बीच जब प्रत्यावर्ती धारा लगाई जाती है तो इसकी प्लेटें बारी-बारी से आवेशित और अनावेशित होती हैं। संधारित्र से होकर प्रवाहित होने वाली धारा इसी परिवर्ती वोल्टता (या आवेश) का परिणाम है। अतः यदि वोल्टता अधिक द्रुत गति से परिवर्तित होती है तो संधारित्र से अधिक धारा प्रवाहित होगी। इसका निहितार्थ यह है कि संधारित्र द्वारा प्रस्तुत प्रतिघात आवृत्ति बढ़ाने से कम होता है: इसका मान होता है $1/\omega C$

**7.26** प्रेरक अपने सिरों के बीच लेन्ज के नियम के अनुसार विरोधी विद्युत वाहक बल विकसित करके अपने में से प्रवाहित होने वाली धारा का विरोध करता है। प्रेरित वोल्टता की ध्रुवता इस प्रकार होती है कि विद्यमान धारा का स्तर बना रह सके। यदि धारा कम होती है तो प्रेरित emf की ध्रुवता इस प्रकार होगी कि धारा बढ़ सके और यदि धारा बढ़ती है तो प्रेरित emf की ध्रुवता इसके विपरीत होगी। क्योंकि प्रेरित वोल्टता धारा परिवर्तन की दर के समानुपाती होती है। धारा परिवर्तन की दर अधिक होने पर अर्थात आवृत्ति अधिक होने पर धारा प्रवाह के प्रति प्रेरक का प्रतिघात अधिक हो जाएगा। अतः प्रेरक का प्रतिघात आवृत्ति के समानुपाती होता है और इसका मान $\omega L$. द्वारा व्यक्त किया जाता है।

**7.27** शक्ति $P = \dfrac{V^2}{Z} \Rightarrow \dfrac{50{,}000}{2000} = 25 = Z$

$$Z^2 = R^2 + (X_C - X_L)^2 = 625$$

$$\tan\phi = \frac{X_C - X_L}{R} = -\frac{3}{4}$$

$$625 = R^2 + \left(-\frac{3}{4}R\right)^2 = \frac{25}{16}$$

$$R^2 = 400 \Rightarrow \text{R} = 20\Omega$$

$X_C - X_L = -15\Omega$

$$I = \frac{V}{Z} = \frac{223}{25} \simeq 9\,\text{A}$$

$$I_M = \sqrt{2} \times 9 = 12.6\,\text{A}$$

यदि $R$, $X_C$, $X_L$ सभी को दोगुना कर दिया जाए तो $\tan\phi$ में कोई परिवर्तन नहीं होता।

$Z$ को दोगुना करें तो धारा आधी हो जाती है।

**7.28** (i) Cu के तारों का प्रतिरोध, R

$$= \rho\frac{l}{A} = \frac{1.7\times10^{-8}\times20000}{\pi\times\left(\frac{1}{2}\right)^2\times10^{-4}} = 4\Omega$$

220 V पर $I$ : $VI = 10^6\,\text{W}$ ; $I = \dfrac{10^6}{220} = 0.45\times10^4\,\text{A}$

$RI^2$ = क्षति क्षय

$= 4 \times (0.45)^2 \times 10^8\,\text{W}$

$> 10^6\,\text{W}$

यह विधि संचरण के लिए उपयोग में नहीं लाई जा सकती।

(ii) $V'I' = 10^6\,\text{W} = 11000\,I'$

$$I' = \frac{1}{1.1}\times10^2$$

$$RI'^2 = \frac{1}{1.21}\times4\times10^4 = 3.3\times10^4\,\text{W}$$

प्रतिशक्ति क्षय $= \dfrac{3.3\times10^4}{10^6} = 3.3\%$

**7.29** $Ri_1 = v_m \sin\omega t$ $\quad i_1 = \dfrac{v_m \sin\omega t}{R}$

$$\frac{q_2}{C} + L\frac{dq_2^2}{dt^2} = v_m \sin\omega t$$

Let $q_2 = q_m \sin(\omega t + \phi)$

$$q_m\left(\frac{q_m}{C} - L\omega^2\right)\sin(\omega t + \phi) = v_m \sin\omega t$$

$$q_m = \frac{v_m}{\frac{1}{C} - L\omega^2}, \phi = 0; \frac{1}{C} - \omega^2 L > 0$$

$$v_R = \frac{v_m}{Lw^2 - \frac{1}{C}}, \phi = \pi \; L\omega^2 - \frac{1}{C} > 0$$

$$i_2 = \frac{dq_2}{dt} = \omega q_m \cos(\omega t + \phi)$$

$i_1$ एवं $i_2$ समान कला में नहीं हैं। माना कि $\frac{1}{C} - \omega^2 L > 0$

$$i_1 + i_2 = \frac{v_m \sin \omega t}{R} + \frac{v_m}{L\omega - \frac{1}{c\omega}} \cos \omega t$$

जहाँ A sin $\omega t$ + B cos $\omega t$ = C sin ($\omega t$ + $\phi$)

C cos $\phi$ = A, C sin $\phi$ = B; $C = \sqrt{A^2 + B^2}$

अत:, $i_1 + i_2 = \left[ \frac{{v_m}^2}{R^2} + \frac{{v_m}^2}{[\omega l - 1/\omega C]^2} \right]^{\frac{1}{2}} \sin(\omega t + \phi)$

$$\phi = \tan^{-1} \frac{R}{X_L - X_C}$$

$$\frac{1}{Z} = \left\{ \frac{1}{R^2} + \frac{1}{(L\omega - 1/\omega C)^2} \right\}^{1/2}$$

**7.30** $Li\frac{di}{dt} + Ri^2 + \frac{qi}{c} = vi; \; Li\frac{di}{dt} = \frac{d}{dt}\left(\frac{1}{2}Li^2\right)$ = प्रेरक में संग्रहीत ऊर्जा परिवर्तन की दर

R$i^2$ = जूल ऊष्मन क्षय

$\frac{q}{C} i = \frac{d}{dt}\left(\frac{q^2}{2C}\right)$ संधारित्र में संग्रहीत ऊर्जा परिवर्तन की दर

$vi$ = प्रचालक बल द्वारा ऊर्जा संभरण की दर। यह ऊर्जा प्रयुक्त होती है (i) ओमीय क्षय (ii) संग्रहीत ऊर्जा वृद्धि में।

$$\int_0^T dt\frac{d}{dt}\left(\frac{1}{2}i^2+\frac{q^2}{C}\right)+\int_0^T Ri^2dt=\int_0^T vidt$$

$$0+(+ve)=\int_0^T vidt$$

$\int_0^T vidt>0$ यह तभी और केवल तभी संभव है जब कला-अन्तर, जो अचर होता है, न्यूनकोण हो।

**7.31** (i) $L\frac{d^2q}{dt^2}+R\frac{dq}{dt}+\frac{q}{C}=v_m\sin\omega t$

माना $q = q_m \sin(\omega t + \phi) = -q_m \cos(\omega t + \phi)$

$i = i_m \sin(\omega t + \phi) = q_m\,\omega \sin(wt + \phi)$

$$i_m=\frac{v_m}{Z}=\frac{v_m}{\sqrt{R^2+(X_C-X_L)^2}};\phi=\tan^{-1}\left(\frac{X_C-X_L}{R}\right)$$

(ii) $$U_L=\frac{1}{2}Li^2=\frac{1}{2}L\left[\frac{v_m}{\sqrt{R^2+X_C-X_L)^2{}_0}}\right]^2\sin^2(\omega t_0+\phi)$$

$$U_C=\frac{1}{2}\frac{q^2}{C}=\frac{1}{2C}\left[\frac{v_m}{\sqrt{R^2+(X_C-X_L)^2}}\right]^2\frac{1}{\omega^2}\cos^2(\omega t_0+\phi)$$

(iii) स्वतंत्र छोड देने पर यह एक $LC$ दोलित्र है। संधारित्र अनावेशित होता जाएगा और सम्पूर्ण ऊर्जा $L$ में चली जाएगी। यह क्रम उलटा होगा और बार-बार यह प्रक्रिया दोहराई जाती रहेगी।

## अध्याय 8

**8.1** (c)
**8.2** (b)
**8.3** (b)
**8.4** (d)
**8.5** (d)
**8.6** (c)

**8.7** (c)

**8.8** (a), (d)

**8.9** (a), (b), (c)

**8.10** (b), (d)

**8.11** (a), (c), (d)

**8.12** (b), (d)

**8.13** (a), (c), (d)

**8.14** क्योंकि वैद्युतचुंबकीय तरंगें समतल ध्रुवित होती हैं, इसलिए अभिग्राही ऐन्टेना तरंग के वैद्युत/चुंबकीय भाग के समांतर होना चाहिए।

**8.15** माइक्रोवेव की आवृत्ति जल के अणुओं की अनुनाद आवृत्ति से मेल खाती है।

**8.16** $i_C = i_D = \dfrac{dq}{dt} = -2\pi q_0 \nu \sin 2\pi\nu t$

**8.17** आवृत्ति घटाने पर प्रतिघात $X_c = \dfrac{1}{\omega C}$ बढ़ेगा जो चालन धारा को घटाएगा। इस स्थिति में $i_D = i_C$; अतः विस्थापन धारा कम हो जाएगी।

**8.18** $I_{av} = \dfrac{1}{2} c \dfrac{B_0^2}{\mu_0} = \dfrac{1}{2} \times \dfrac{3\times10^8 \times (12\times10^{-8})^2}{1.26\times10^{-6}} = 1.71 W/m^2$

**8.19**




**8.20** विद्युतचुंबकीय तरंगें विकिरण दाब लगाती हैं। धूमकेतु की पूँछ सौर विकिरण के कारण है।

**8.21**




$$B = \frac{\mu_0 2 I_D}{4\pi r} = \frac{\mu_0 1}{4\pi r} = \frac{\mu_0}{2\pi r}\varepsilon_0 \frac{d\phi_E}{dt}$$

$$= \frac{\mu_0\varepsilon_0}{2\pi r}\frac{d}{dt}(E\pi r^2)$$

$$= \frac{\mu_0\varepsilon_0 r}{2}\frac{dE}{dt}$$

**8.22** (a) $\lambda_1 \rightarrow$ माइक्रोवेव (सूक्ष्म तरंगें)

$\lambda_2 \rightarrow$ पराबैंगनी तरंगें

$\lambda_3 \rightarrow$ X - किरणें

$\lambda_4 \rightarrow$ अवरक्त तरंगें

(b) $\lambda_3 < \lambda_2 < \lambda_4 < \lambda_1$

(c) सूक्ष्म तरंगें (माइक्रोवेव) - रडार
पराबैंगनी तरंगें - लासिक नेत्र शल्यता
X-किरणें - अस्थिभंग क्रमवीक्षण
अवरक्त तरंगें - प्रकाशीय संचार

**8.23** $S_{av} = c^2\varepsilon_0|\mathbf{E}_0 \times \mathbf{B}_0|\frac{1}{T}\int_0^T \cos^2(kx - \omega t)dt$ क्योंकि $\mathbf{S} = c^2\varepsilon_0(\mathbf{E} \times \mathbf{B})$

$$= c^2\varepsilon_0 E_0 B_0 \frac{1}{\cancel{T}} \times \frac{\cancel{T}}{2}$$

$$= c^2\varepsilon_0 E_0 \left(\frac{E_0}{c}\right) \times \frac{1}{2} \quad \left(\because c = \frac{E_0}{B_0}\right)$$

$$= \frac{1}{2}\varepsilon_0 E_0^2 c$$

$$= \frac{E_0^2}{2\mu_0 c} \qquad \text{क्योंकि} \left(c = \frac{1}{\sqrt{\mu_0\varepsilon_0}}\right)$$

**8.24** $i_D = C\dfrac{dV}{dt}$

$$1 \times 10^{-3} = 2 \times 10^{-6}\frac{dV}{dt}$$

$$\frac{dV}{dt} = \frac{1}{2} \times 10^3 = 5 \times 10 V/s$$

अत: $5 \times 10^2$ V/s का परिवर्ती विभवान्तर लगा कर लक्षित मान की विस्थापन धारा उत्पन्न की जा सकती है।

**8.25** दाब

$$P = \frac{\text{बल}}{\text{क्षेत्रफल}} = \frac{F}{A} = \frac{1}{A}\frac{\Delta p}{\Delta t} \quad \left(F = \frac{\Delta p}{\Delta t} = \text{संवेग परिवर्तन की दर}\right)$$

$$= \frac{1}{A} \cdot \frac{U}{\Delta tc}$$ ($\Delta pc = U = \Delta t$ समय में तरंग द्वारा प्रदान की गई ऊर्जा)

$$= \frac{I}{c} \quad \text{तीव्रता } I = \frac{U}{A\Delta t}$$

**8.26** तीव्रता घटकर एक चौथाई रह जाती है। इसका कारण है कि गोलीय क्षेत्र के क्षेत्रफल $4\pi r^2$ में संचरित होने पर प्रकाश पुंज का विस्तार होता है लेकिन लेज़र में विस्तार नहीं होता और इसलिए तीव्रता स्थिर रहती है।

**8.27** वैद्युतचुंबकीय तरंग का विद्युत क्षेत्र दोलायमान क्षेत्र है और किसी आवेशित कण पर इसके द्वारा उत्पन्न विद्युत बल भी ऐसा ही होता है। पूर्णसांख्यिक चक्रों में औसत लेने पर यह विद्युत बल शून्य है क्योंकि इसकी दिशा प्रत्येक आधे चक्र में परिवर्तित हो जाती है। अतः विद्युत क्षेत्र विकिरण दाब में योगदान नहीं करता।

**8.28** $$\mathbf{E} = \frac{\lambda \hat{\mathbf{e}}_s}{2\pi\varepsilon_o a}\hat{\mathbf{j}}$$

$$\mathbf{B} = \frac{\mu_o i}{2\pi a}\hat{\mathbf{i}}$$

$$= \frac{\mu_o \lambda v}{2\pi a}\hat{i}$$

$$\mathbf{S} = \frac{1}{\mu_o}(\mathbf{E}\times\mathbf{B}) = \frac{1}{\mu_o}\left(\frac{\lambda \hat{\mathbf{j}}_s}{2\pi\varepsilon_o a}\hat{\mathbf{j}} \times \frac{\mu_o \lambda v}{2\pi a}\hat{\mathbf{i}}\right)$$

$$= \frac{-\lambda^2 v}{4\pi^2\varepsilon_0 a^2}\hat{\mathbf{k}}$$

**8.29** मान लीजिए प्लेटों के बीच में दूरी $d$ है। तब विद्युत क्षेत्र होगा $E = \frac{V_o}{d}\sin(2\pi\nu t)$। चालन धारा घनत्व ओम के नियम द्वारा प्राप्त होगी– $J^c = sE = \frac{1}{\rho}E$

$$\Rightarrow J^c = \frac{1}{\rho}\frac{V_o}{d}\sin(2\pi\nu t) = \frac{V_0}{\rho d}\sin(2\pi\nu t)$$

$$= J_0^c \sin 2\pi\nu t$$

जहाँ पर $J_0^c = \frac{V_0}{\rho d}$

विस्थापन धारा घनत्व प्राप्त होगा $J^d = \varepsilon \dfrac{\partial E}{dt} = \varepsilon \dfrac{\partial}{dt}\left\{\dfrac{V_o}{d}\sin(2\pi \nu t)\right\}$

$$= \frac{\varepsilon 2\pi\nu V_o}{d}\cos(2\pi\upsilon t)$$

$$J^d = \varepsilon\frac{\partial E}{dt} = \varepsilon\frac{\partial}{dt}\left\{\frac{V_o}{d}\sin(2\pi\nu t)\right\}$$

$$= \frac{\varepsilon 2\pi\nu V_o}{d}\cos(2\pi\nu t)$$

$= J_o^d\cos(2\pi\nu t)$ , जहाँ $J_0^d = \dfrac{2\pi\nu\varepsilon V_0}{d}$

$$J_o^d / J_o^c = \frac{2\pi\nu\varepsilon V_o}{d}\cdot\frac{\rho d}{V_o} = 2\pi\nu\varepsilon\rho = 2\pi\times 80\,\varepsilon_o\nu\times 0.25 = 4\pi\varepsilon_o\nu\times 10$$

$$= \frac{10\,\nu}{9\times 10^9} = \frac{4}{9}$$

**8.30** (i) विस्थापन धारा घनत्व निम्न संबंध से ज्ञात किया जा सकता है

$$\mathbf{J}_D = \varepsilon_0\frac{d\mathbf{E}}{dt}$$

$$= \varepsilon_o\,\mu_o\,I_o\,\frac{\partial}{\partial t}\cos\,(2\pi\nu t).\ \ln\left(\frac{s}{a}\right)\hat{\mathbf{k}}$$

$$= \frac{1}{c^2}I_0 2\pi\nu^2(-\sin(2\pi\nu t))\ln\left(\frac{s}{a}\right)\hat{\mathbf{k}}$$

$$= \left(\frac{\nu}{c}\right)^2 2\pi I_0\sin(2\pi\nu t)\ln\left(\frac{a}{s}\right)\hat{k}$$

$$= \frac{2\pi}{\lambda^2}I_0\ln\left(\frac{a}{s}\right)\sin(2\pi\nu t)\,\hat{\mathbf{k}}$$

(ii) $I^d = \int J_D s ds d\theta$

$$= \frac{2\pi}{\lambda^2}I_0 2\pi\int_{s=0}^{a}\ln\left(\frac{a}{s}\right).sds\sin(2\pi\nu t)$$

$$= \left(\frac{2\pi}{\lambda}\right)^2 I_0 \int_{s=0}^{a} \frac{1}{2} ds^2\, l\,n\left(\frac{a}{s}\right).\sin(2\pi\nu t)$$

$$= \frac{a^2}{4}\left(\frac{2\pi}{\lambda}\right)^2 I_0 \int_{s=0}^{a} d\left(\frac{s}{a}\right)^2 ln\left(\frac{a}{s}\right)^2 .\sin(2\pi\nu t)$$

$$= -\frac{a^2}{4}\left(\frac{2\pi}{\lambda}\right)^2 I_0 \int_0^1 \ln\xi\, d\xi.\sin(2\pi\nu t)$$

$$= +\left(\frac{a}{2}\right)^2\left(\frac{2\pi}{\lambda}\right)^2 I_0 \sin 2\pi\nu t$$ (समाकल का मान –1 है)

(iii) विस्थापन धारा

$$I^d = \left(\frac{a}{2}.\frac{2\pi}{\lambda}\right)^2 I_0 \sin 2\pi\nu t = I_0^d sin2\pi\nu t$$

$$\frac{I_0^d}{I_0} = \left(\frac{a\pi}{\lambda}\right)^2.$$




**8.31** (i)

$$\oint E.dl = \int_1^2 E.dl + \int_2^3 E.dl + \int_3^4 E.dl + \int_4^1 E.dl$$

$$= \int_1^2 E.dl \cos 90° + \int_2^3 E.dl \cos 0 + \int_3^4 E.dl \cos 90° + \int_4^1 E.dl \cos 180°$$

$$= \mathbf{E}_0 h[sin(kz_2 - \omega t) - sin(kz_1 - \omega t)] \qquad (1)$$




(ii) $\int \mathbf{B.ds}$ का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक का क्षेत्रफल $ds = h\,dz$ की पहियों से बने आयत 1234 पर विचार करें।

$$\int \mathbf{B.ds} = \int Bds\cos 0 = \int Bds = \int_{z_1}^{z_2} B_0 sin(kz - \omega t)hdz$$

$$= \frac{-B_o h}{k}[\cos(kz_2 - \omega t) - \cos(kz_1 - \omega t)] \qquad (2)$$

(iii) $\oint \mathbf{E.dl} = \dfrac{-d\phi_B}{dt}$




समीकरणों (1) तथा (2) में प्राप्त संबधों का उपयोग करके तथा सरलीकरण द्वारा हमें प्राप्त होगा

$$E_0h[\sin(kz_2 - \omega t) - \sin(kz_1 - \omega t)] = \frac{B_o h}{k}\omega[\sin(kz_2 - \omega t) - \sin(kz_1 - \omega t)]$$

$$E_0 = B_0\frac{\omega}{k}$$

$$\frac{E_0}{B_0} = c$$

(iv) $\oint \mathbf{B.dl}$ के मूल्याकंन के लिए लूप 1234 पर yz तल में चित्र द्वारा दर्शाए अनुसार विचार करें

$$\oint \mathbf{B.dl} = \int_1^2 \mathbf{B.dl} + \int_2^3 \mathbf{B.dl} + \int_3^4 \mathbf{B.dl} + \int_4^1 \mathbf{B.dl}$$

$$= \int_1^2 B\,dl\cos 0 + \int_2^3 B\,dl\cos 90° + \int_3^4 B\,dl\cos 180° + \int_4^1 B\,dl\cos 90°$$

$$= B_0h[\sin(kz_1 - \omega t) - \sin(kz_2 - \omega t)] \qquad (3)$$




$\phi_E = \int \mathbf{E.ds}$ का मूल्याकंन करने के लिए, प्रत्येक क्षेत्रफल की पहियों से बने आयत 1234 पर विचार करें।

$$\phi_E = \int \mathbf{E.ds} = \int E ds\cos 0 = \int E ds = \int_{z_1}^{z_2} E_0 \sin(kz_1 - \omega t) h dz$$

$$= \frac{-E_0 h}{k}[\cos(kz_2 - \omega t) - \cos(kz_1 - \omega t)]$$

$$\therefore \frac{d\phi_E}{dt} = \frac{E_0 h\omega}{k}[\sin(kz_1 - \omega t) - \sin(kz_2 - \omega t)] \qquad (4)$$

$$\bigcirc \mathbf{B.dl} = \mu_0 \quad I + \varepsilon_0 \frac{d\phi_E}{dt}$$ , $I$ = चालन धारा

= 0 निर्वात में

$$\therefore \oint \mathbf{B.dl} = \mu_0\, \varepsilon_0 \frac{d\phi_E}{dt}$$

समीकरणों (3) तथा (4) में प्राप्त संबधों का उपयोग करके तथा सरल करने पर हमें प्राप्त होता है–

$$B_0 = E_0 \frac{\omega}{k} . \mu_0\, \varepsilon_0$$

$$\frac{E_0}{B_0}\frac{\omega}{\mathrm{k}} = \frac{1}{\mu_0\, \varepsilon_0}$$ लेकिन $E_0/B_0 = c$, तथा $w = ck$

या $c.c = \dfrac{1}{\mu_0\, \varepsilon_0}$ अतः, $c = \dfrac{1}{\sqrt{\mu_0\, \varepsilon_0}}$ .

**8.32** (i) E - क्षेत्र का योगदान है $u_E = \frac{1}{2}\varepsilon_0 E^2$




B - क्षेत्र का योगदान है $u_B = \frac{1}{2}\frac{B^2}{\mu_0}$

कुल ऊर्जा घनत्व $u = u_E + u_B = \frac{1}{2}\varepsilon_0 E^2 + \frac{1}{2}\frac{B^2}{\mu_0}$ (1)

$E^2$ तथा $B^2$ के मान प्रत्येक बिन्दु तथा प्रत्येक क्षण पर परिवर्तित होते हैं। अतः $E^2$ तथा $B^2$ के प्रभावी मान उनके कालिक मान हैं।

$$(E^2)_{av} = E_0^2[\sin^2(kz - \omega t)]_{av}$$

$$(B^2)_{av} = (B^2)_{av} = B_0^2[\sin^2(kz - \omega t)]_{av}$$

$\sin^2\theta$ तथा $\cos^2\theta$ के ग्राफ आकृति में समरूप हैं लेकिन $\pi/2$ से स्थानान्तरित हैं, अतः $\sin^2\theta$ तथा $\cos^2\theta$ के औसत मान भी $\pi$ के किसी भी पूर्णसांख्यिक गुणज के लिए समान हैं।

तथा $\sin^2\theta + \cos^2\theta = 1$

अतः सममिति से $\sin^2\theta$ का औसत $= \cos^2\theta$ का औसत $= \dfrac{1}{2}$

$$\therefore (E^2)_{av} = \frac{1}{2}E_0^2 \; and \; (B^2)_{av} = \frac{1}{2}B_0^2$$



23/04/18

समीकरण 1 में प्रस्थापन करने पर

$$u = \frac{1}{4}\varepsilon_0 E^2 + \frac{1}{4}\frac{B_0^2}{\mu}$$

(ii) हमें ज्ञात है $\frac{E_0}{B_0} = c$ तथा $c = \frac{1}{\sqrt{\mu_0 \varepsilon_0}}$ $\therefore \frac{1}{4}\frac{B_0^2}{\mu_0} = \frac{E_0^2/c^2}{4\mu_0} = \frac{E_0^2}{4\mu_0}\mu_0\varepsilon_0 = \frac{1}{4}\varepsilon_0 E_0^2$

$$u_{av} = \frac{1}{4}\varepsilon_0 E_0^2 + \frac{1}{4}\varepsilon_0 E_0^2 = \frac{1}{2}\varepsilon_0 E_0^2, \text{ तथा } I_{av} = u_{av}c = \frac{1}{2}\varepsilon_0 E_0^2$$

## Chapter 9

**9.1** (a)

**9.2** (d)

**9.3** (c)

**9.4** (b)

**9.5** (c)

**9.6** (c)

**9.7** (b)

**9.8** (b)

**9.9** (b)

**9.10** (c)

**9.11** (a)

**9.12** (a), (b), (c)

**9.13** (d)

**9.14** (a), (d)

**9.15** (a), (b)

**9.16** (a), (b), (c)

**9.17** क्योंकि लाल प्रकाश के लिए अपवर्तनांक नीले के लिए अपवर्तनांक से कम है, इसलिए लेंस पर आपतित समान्तर प्रकाश पुंज लाल प्रकाश की अपेक्षा नीले प्रकाश की स्थिति में अक्ष की ओर अधिक मुड़ेगा। इसलिए लाल प्रकाश की अपेक्षा नीले प्रकाश के लिए फोकस दूरी कम होगी।

**9.18** सामान्य व्यक्ति की निकट दृष्टि 25 cm है। किसी बिंब को 10 गुना आवर्धित देखने के लिए

$$m = \frac{D}{f} \Rightarrow f = \frac{D}{m} = \frac{25}{10} = 2.5 = 0.025\text{m}$$

$$P = \frac{1}{0.025} = 40 \text{ डाइऑप्टर}$$

**9.19** नहीं। लेंस को उलटा करने पर प्रतिबिंब की स्थिति में परिवर्तन नहीं होगा। (प्रकाश की उत्क्रमणीयता)

**9.20** मान लीजिए $\mu_2$ से बिंब को देखने पर आभासी गहराई $O_1$ है।

$$O_1 = \frac{\mu_2}{\mu_1}\frac{h}{3}$$




$\mu_3$ से देखने पर आभासी गहराई $O_2$ है।

$$O_2 = \frac{\mu_3}{\mu_2}\left(\frac{h}{3} + O_1\right) = \frac{\mu_3}{\mu_2}\left(\frac{h}{3} + \frac{\mu_2}{\mu_1}\frac{h}{3}\right) = \frac{h}{3}\left(\frac{\mu_3}{\mu_2} + \frac{\mu_3}{\mu_1}\right)$$

बाहर से देखने पर आभासी ऊँचाई

$$O_3 = \frac{1}{\mu_3}\left(\frac{h}{3} + O_2\right) = \frac{1}{\mu_3}\left[\frac{h}{3} + \frac{h}{3}\left(\frac{\mu_3}{\mu_2} + \frac{\mu_3}{\mu_1}\right)\right]$$

$$= \frac{h}{3}\left(\frac{1}{\mu_1} + \frac{1}{\mu_2} + \frac{1}{\mu_3}\right)$$

**9.21** न्यूनतम विचलन पर

$$\mu = \frac{\sin\left[\frac{(A + D_m)}{2}\right]}{\sin\left(\frac{A}{2}\right)}$$

दिया है $D_m = A$

$$\therefore \ \mu = \frac{\sin A}{\sin\frac{A}{2}} = \frac{2\sin\frac{A}{2}\cos\frac{A}{2}}{\sin\frac{A}{2}} = 2\cos\frac{A}{2}$$

$$\therefore \ \cos\frac{A}{2} = \frac{\sqrt{3}}{2} \text{ अथवा } \frac{A}{2} = 30° \ \therefore \ A = 60°$$

**9.22** मान लीजिए बिंब के दो सिरे क्रमशः बिंब दूरी $u_1 = u - L/2$ तथा $u_2 = u + L/2$ पर हैं, जिससे $|u_1 - u_2| = L$। मान लीजिए दो सिरों के प्रतिबिंब $v_1$ तथा $v_2$ पर बनते हैं, इस प्रकार प्रतिबिंब की लम्बाई होगी $L' = |v_1 - v_2|$. क्योंकि $\frac{1}{u} + \frac{1}{v} = \frac{1}{f}$ या $v = \frac{fu}{u-f}$, दो सिरों का प्रतिबिंब होगा $v_1 = \frac{f(u - L/2)}{u - f - L/2}$ पर $v_2 = \frac{f(u + L/2)}{u - f + L/2}$ पर

अतः

$$L' = |v_1 - v_2| = \frac{f^2 L}{(u-f)^2 \times L^2/4}$$

क्योंकि बिंब छोटा है तथा फोकस से दूर रखा गया है इसलिए हम पाएँगे

$L^2/4 << (u - f)^2$

अतः अन्तिमत:

$$L' = \frac{f^2}{(u-f)^2} L.$$

**9.23** चित्र के संदर्भ में, द्रव भरने से पहले आपतित किरण की दिशा AM है। द्रव भरने के पश्चात आपतित किरण की दिशा BM है। दोनों स्थितियों में अपवर्तित किरण AM के अनुदिश एक ही है।

$$\frac{1}{\mu} = \frac{\sin i}{\sin r} = \frac{\sin i}{\sin \alpha}$$

$$\sin i = \frac{a - R}{\sqrt{d^2 + (a-R)^2}} \quad \text{तथा} \quad \sin \alpha = \cos(90 - \alpha) = \frac{a + R}{\sqrt{d^2 + (a-R)^2}}$$




प्रतिस्थापित करने पर हमें प्राप्त होगा $d = \frac{\mu(a^2 - R^2)}{\sqrt{(a+R)^2 - \mu(a-R)^2}}$

**9.24**




यदि काटा न जाता तो बिंब मुख्य अक्ष OO′ से 0.5 cm की ऊँचाई पर होता।

$$\frac{1}{v} - \frac{1}{u} = \frac{1}{f}$$

$$\therefore \frac{1}{v} = \frac{1}{u} + \frac{1}{f} = \frac{1}{-50} + \frac{1}{25} = \frac{1}{50}$$

$\therefore\ v = 50$ cm

आवर्धन $m = \frac{v}{u} = -\frac{50}{50} = -1$

अतः प्रतिबिंब प्रकाशिक केन्द्र से 50 cm दूर तथा मुख्य अक्ष से 0.5 cm नीचे बनेगा।
इस प्रकार कटे हुए लेंस की कोर से गुज़रने वाली $X$ अक्ष के सापेक्ष प्रतिबिंब के निर्देशांक (50 cm, –1 cm) हैं।

**9.25** लेंस सूत्र

$$\frac{1}{f} = \frac{1}{v} - \frac{1}{u}$$

को देखने पर $u$ तथा $v$ की उत्क्रमणीयता से यह स्पष्ट है। ऐसी दो स्थितियाँ हैं जिनके लिए परदे पर प्रतिबिंब बनेगा।
मान लीजिए पहली स्थिति वह है जब लेंस O पर है।
दिया है $-u + v = D$
$\Rightarrow u = -(D - v)$
इसे लेंस सूत्र में रखने पर

$$\frac{1}{D-v} + \frac{1}{v} = \frac{1}{f}$$




$$\Rightarrow \frac{v + D - v}{(D-v)v} = \frac{1}{f}$$

$$\Rightarrow v^2 - Dv + Df = 0$$

$$\Rightarrow v = \frac{D}{2} \pm \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}$$

$$u = -(D - v) = -\left(\frac{D}{2} \pm \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}\right)$$

इस प्रकार यदि बिंब दूरी $\frac{D}{2} - \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}$ है तो प्रतिबिंब $\frac{D}{2} + \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}$ पर होगा।

यदि बिंब दूरी $\frac{D}{2} + \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}$ है तो प्रतिबिंब $\frac{D}{2} - \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}$ पर होगा।

इन दो बिंब दूरियों के लिए प्रकाशिक केन्द्रों के बीच की दूरी है

$$\frac{D}{2} + \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2} - \left(\frac{D}{2} - \frac{\sqrt{D^2 - 4Df}}{2}\right) = \sqrt{D^2 - 4Df}$$

माना $d = \sqrt{D^2 - 4Df}$

यदि $u = \frac{D}{2} + \frac{d}{2}$ तब प्रतिबिंब होगा $v = \frac{D}{2} - \frac{d}{2}$ पर





23/04/18

$\therefore$ आवर्धन $m_1 = \dfrac{D-d}{D+d}$

यदि $u = \dfrac{D-d}{2}$ तब $v = \dfrac{D+d}{2}$

$\therefore$ आवर्धन $m_2 = \dfrac{D+d}{D-d}$ अतः $\dfrac{m_2}{m_1} = \left(\dfrac{D+d}{D-d}\right)^2$

**9.26** मान लीजिए डिस्क का व्यास $d$ है। बिंदु अदृश्य हो जाएगा यदि बिंदु से पृष्ठ $\dfrac{d}{2}$ पर आपतित किरणें क्रांतिक कोण पर हों। मान लीजिए आपतन कोण $i$ है

तब $\sin i = \dfrac{1}{\mu}$

अब $\dfrac{d/2}{h} = \tan i$

$$\Rightarrow \frac{d}{2} = h \tan i = h\left[\sqrt{\mu^2 - 1}\right]^{-1}$$

$$\therefore d = \frac{2h}{\sqrt{\mu^2 - 1}}$$

**9.27** (i) मान लीजिए सामान्य विश्रान्त नेत्र के लिए दूर बिंदु पर क्षमता $P_f$ है।

तब $P_f = \dfrac{1}{f} = \dfrac{1}{0.1} + \dfrac{1}{0.02} = 60$ डाइऑप्टर

संशोधक लेंस के साथ दूर बिंदु पर बिंब दूरी $\infty$ है।

$$P'_f = \frac{1}{f'} = \frac{1}{\infty} + \frac{1}{0.02} = 50\,\text{D}$$

चश्मे के साथ विश्रांत नेत्र की प्रभावी क्षमता नेत्र तथा चश्मे के लेंसों $P_g$ का योग है।

$\therefore P'_f = P_f + P_g$

$\therefore P_g = -10$ D

(ii) सामान्य नेत्र के लिए उसकी समंजन क्षमता 4 डाइऑप्टर है। मान लीजिए कि सामान्य नेत्र की निकट दृष्टि की क्षमता $P_n$ है

तब $4 = P_n - P_f$ or $P_n = 64$ D

मान लीजिए उसका निकट बिंदु $x_n$ हो, तब

$$\frac{1}{x_n} + \frac{1}{0.02} = 64 \text{ अथवा } \frac{1}{x_n} + 50 = 64$$

$$\frac{1}{x_n} = 14$$

$$\therefore\ x_n = \frac{1}{14} \simeq 0.07\text{m}$$

(iii) चश्मे के साथ $P_n' = P_f' + 4 = 54$

$$54 = \frac{1}{x_n'} + \frac{1}{0.02} = \frac{1}{x_n'} + 50$$

$$\frac{1}{x_n'} = 4$$

$$\therefore\ x_n' = \frac{1}{4} = 0.25\text{m}$$

**9.28** कोई किरण जो कोण $i$ से प्रवेश करती है, AC के अनुदिश निर्देशित होगी यदि फलक AC से बनाया गया कोण ($\phi$) क्रांतिक कोण से अधिक है।




$$\Rightarrow \sin \geq \frac{1}{\mu}$$

$$\Rightarrow \cos r \geq \frac{1}{\mu}$$

अथवा $1 - \cos^2 r \leq 1 - \dfrac{1}{\mu^2}$

i.e. $\sin^2 r \leq 1 - \dfrac{1}{\mu^2}$

क्योंकि $\sin i = \mu \sin r$

$$\frac{1}{\mu^2}\sin^2 i \leq 1 - \frac{1}{\mu^2}$$

या $\sin^2 i \leq \mu^2 - 1$

जब $i = \dfrac{\pi}{2}$ तो $\phi$ छोटे से छोटा कोण होगा। यदि यह क्रांतिक कोण से बड़ा है तब सभी दूसरे आपतन कोण क्रांतिक कोण से अधिक होंगे।

अतः $1 \leq \mu^2 - 1$

या $\mu^2 \geq 2$

$\Rightarrow \mu \geq \sqrt{2}$

**9.29** द्रव के अन्दर $x$ तथा $x + dx$ के बीच एक किरण के किसी भाग पर विचार कीजिए। मान लीजिए $x$ पर आपतन कोण θ है और मान लीजिए यह पतले स्तंभ में $y$ ऊँचाई पर प्रवेश करती है। बंकन के कारण यह कोण $\theta + d\theta$ से $y + dy$ ऊँचाई पर तथा $x + dx$ निर्गत होगी। स्नैल के नियम से–

$\mu(y)\ \sin\ \theta = m(y{+}dy)\ \sin\ (\theta{+}d\theta)$

या $\mu(y)\ \sin\theta \simeq \left(\mu(y) + \dfrac{d\mu}{dy}dy\right)(\sin\theta \cos d\theta + \cos\theta\ \sin\ d\theta)$

$$\simeq \mu(y)\sin\theta + \mu(y)\cos\theta d\theta + \frac{d\mu}{dy}dy\sin\theta$$

अथवा $\mu(y)\ \cos\theta d\theta \simeq \dfrac{-d\mu}{dy}dy\sin\theta$




$$d\theta \simeq \frac{-1}{\mu}\frac{d\mu}{dy}dy\tan\theta$$

लेकिन $\tan\theta = \dfrac{dx}{dy}$ (चित्र से)

$$\therefore\ d\theta = \frac{-1}{\mu}\frac{d\mu}{dy}dx$$

$$\therefore\ \theta = \frac{-1}{\mu}\frac{d\mu}{dy}\int_o^d dx = \frac{-1}{\mu}\frac{d\mu}{dy}d$$

**9.30** $r$ तथा $r + dr$ पर दो तलों पर विचार करें। मान लीजिए तल $r$ पर प्रकाश θ कोण से आपतित होता है तथा $r + dr$ से $\theta$ +d$\theta$ कोण से बाहर निकलता है।

तब स्नेल के नियम से

$n(r)\ \sin\theta = n(r + dr)\ \sin\ (\theta + d\theta)$

$$\Rightarrow n(r)\ \sin\theta \simeq \left(n(r) + \frac{dn}{dr}dr\right)(\sin\theta\cos d\theta + \cos\theta\ \ \sin d\theta)$$

$$\simeq \left(n(r) + \frac{dn}{dr}dr\right)\ (\sin\theta + \cos\theta\ d\theta\,)$$

अवकल गुणन फलों को छोड़ने पर

$$n(r)sin\theta \simeq n(r)sin\theta + \frac{dn}{dr}dr\ \sin\theta\ +\ n(r)\ \cos\theta d\theta$$




$$\Rightarrow\ -\frac{dn}{dr}\tan\theta = n(r)\frac{d\theta}{dr}$$

$$\Rightarrow\ \frac{2GM}{r^2c^2}\tan\theta = \left(1 + \frac{2GM}{rc^2}\right)\frac{d\theta}{dr} \approx \frac{d\theta}{dr}$$

$$\therefore\ \int_0^{\theta_o} d\theta = \frac{2GM}{c^2}\int_{-\infty}^{\infty}\frac{\tan\theta dr}{r^2}$$

अब $r^2 = x^2 + R^2$ तथा $\tan\theta = \dfrac{R}{x}$

$$2rdr = 2xdx$$

$$\int_0^{\theta_0} d\theta = \frac{2GM}{c^2}\int_{-\infty}^{\infty} \frac{R}{x}\frac{xdx}{(x^2+R^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$x = R\tan\phi$ रखिए

$$x = R\tan\phi$$

$$dx = R\,\text{Sec}^2\phi\, d\phi$$

$$\therefore \quad \theta_0 = \frac{2GMR}{c^2}\int_{-\pi/2}^{\pi/2}\frac{R\sec^2\phi d\phi}{R^3\sec^3\phi}$$

$$= \frac{2GM}{Rc^2}\int_{-\pi/2}^{\pi/2}\cos\phi\, d\phi = \frac{4GM}{Rc^2}$$

**9.31** क्योंकि पदार्थ –1 अपवर्तनांक का है, $\theta_r$ ऋणात्मक है तथा $\theta_r'$ धनात्मक है। अब $|\theta_i| = |\theta_r| = |\theta_r'|$ बाहर निकलने वाली किरण का अन्दर आने वाली किरण से कुल विचलन $4\theta_i$ है। किरणें ग्राही प्लेट तक नहीं पहुँचेंगी यदि




$$\frac{\pi}{2} \le 4\theta_i \le \frac{3\pi}{2} \quad \text{(कोण } y \text{ –अक्ष से दक्षिणावर्त मापे गए हैं)}$$

$$\frac{\pi}{8} \le \theta_i \le \frac{3\pi}{8}$$

अब $\sin\theta_i = \dfrac{x}{R}$

$$\frac{\pi}{8} \le \sin^{-1}\frac{x}{R} \le \frac{3\pi}{8}$$

अथवा $\dfrac{\pi}{8} \le \dfrac{x}{R} \le \dfrac{3\pi}{8}$

अत: $\dfrac{R\pi}{8} \le x \le \dfrac{R3\pi}{8}$ के लिए स्रोत से उत्सर्जित प्रकाश ग्राही प्लेट तक नहीं पहुँचेगा।

**9.32** (i) S से $P_1$ तक पारगमन का समय है

$$t_1 = \frac{SP_1}{c} = \frac{\sqrt{u^2+b^2}}{c} \simeq \frac{u}{c}\left(1+\frac{1}{2}\frac{b^2}{u^2}\right)$$ मान लीजिए $b << u_0$

$P_1$ से O तक पारगमन का समय है

$$t_2 = \frac{P_1O}{c} = \frac{\sqrt{v^2+b^2}}{c} \simeq \frac{v}{c}\left(1+\frac{1}{2}\frac{b^2}{v^2}\right)$$

लेंस से पारगमन का समय है

$t_l = \dfrac{(n-1)w(b)}{c}$ जहाँ $n$ अपवर्तनांक है।

अतः कुल समय है

$t = \dfrac{1}{c}\left[u + v + \dfrac{1}{2}b^2\left(\dfrac{1}{u}+\dfrac{1}{v}\right) + (n-1)w(b)\right]$. $\dfrac{1}{D} = \dfrac{1}{u}+\dfrac{1}{v}$ रखिए




तब $t = \dfrac{1}{c}\left(u + v + \dfrac{1}{2}\dfrac{b^2}{D} + (n-1)\left(w_0 + \dfrac{b^2}{\alpha}\right)\right)$

फरमैट के सिद्धान्त से

$$\frac{dt}{db} = 0 = \frac{b}{CD} - \frac{2(n-1)b}{c\alpha}$$

$$\alpha = 2(n-1)D$$

अतः यदि $\alpha = 2(n-1)D$ तो अभिसरणकारी लेंस बनेगा। यह $b$ से स्वतन्त्र है और इसलिए S से आने वाली सभी उपाक्षीय किरणें O पर अभिसरित होंगी (अर्थात b << $n$ तथा $b$ << $v$ किरणों के लिए)।

क्योंकि $\dfrac{1}{D} = \dfrac{1}{u}+\dfrac{1}{v}$, फोकस दूरी है।

(ii) इस स्थिति में

$$t = \frac{1}{c}\left(u + v + \frac{1}{2}\frac{b^2}{D} + (n-1)k_1 ln\left(\frac{k_2}{b}\right)\right)$$

$$\frac{dt}{db} = 0 = \frac{b}{D} - (n-1)\frac{k_1}{b}$$

$\Rightarrow b^2 = (n-1)\ k_1 D$

$\therefore\ b = \sqrt{(n-1)k_1 D}$

अतः ऊँचाई से गुजरने वाली सभी किरणें प्रतिबिंब बनाने में योगदान देंगी। किरण पथ द्वारा बनाया गया कोण

$$\beta \simeq \frac{b}{v} = \frac{\sqrt{(n-1)k_1 D}}{v^2} = \sqrt{\frac{(n-1)k_1 uv}{v^2(u+v)}} = \sqrt{\frac{(n-1)k_1 u}{(u+v)v}}$$

## अध्याय 10

**10.1** (c)

**10.2** (a)

**10.3** (a)

**10.4** (c)

**10.5** (d)

**10.6** (a), (b), (d)

**10.7** (b), (d)

**10.8** (a), (b)

**10.9** (a), (b)

**10.10** हाँ

**10.11** गोलीय

**10.12** गोलीय, पृथ्वी की त्रिज्या की तुलना में विशाल त्रिज्या जिससे कि यह लगभग समतल है।

**10.13** ध्वनि तरंगों की आवृत्तियाँ 20 Hz से 20 kHz होती हैं। संगत तरंगदैर्घ्य क्रमशः 15m तथा 15mm है। विवर्तन प्रभाव दिखाई देगा यदि झिरियों की चौड़ाई $a$ ऐसी हो कि

$a \sim \lambda$

प्रकाश तरंगों के लिए तरंगदैर्घ्य $\sim 10^{-7}$m। अतः विवर्तन प्रभाव दिखाई देगा जब

$a \sim 10^{-7}$ m

जबकि ध्वनि तरंगों के लिए ये दिखाई देंगे

$15\text{mm} < a < 15\text{m}$

**10.14** दो बिंदुओं के बीच रैखिक दूरी $l = \dfrac{2.54}{300}\text{cm} \simeq 0.84 \times 10^{-2}\text{cm}$ है। Z cm दूरी पर यह

कोण $\phi \sim l/z \therefore z = \dfrac{l}{\phi} = \dfrac{0.84 \times 10^{-2}\text{cm}}{5.8 \times 10^{-4}} \sim 14.5\text{cm}$

**10.15** केवल विशेष स्थितियों में जब (III) की पारित अक्ष (I) या (II) के समान्तर है तो कोई प्रकाश निर्गत नहीं होगा। दूसरी सभी स्थितियों में प्रकाश निर्गत होगा क्योंकि (II) की पारित अक्ष (III) के लंबवत नहीं है।

**10.16** परावर्तन द्वारा ध्रुवण तब होता है जब आपतन कोण ब्रूस्टर कोण के बराबर हो अर्थात्

$\tan\theta_B = \dfrac{n_2}{n_1}$ जहाँ $n_2 < n_1$

जब ऐसे माध्यम में प्रकाश गमन करता है तो क्रांतिक कोण है $\sin\theta_c = \dfrac{n_2}{n_1}$ जहाँ $n_2 < n_1$.

क्योंकि बड़े कोणों के लिए $|\tan\theta_B| > |\sin\theta_c|$ $\theta_B < \theta_C$

इसलिए परावर्तन द्वारा निश्चित रूप से ध्रुवण होगा।

**10.17** $d_{\min} = \dfrac{1.22\lambda}{2\sin\beta}$

जहाँ β अभिदृश्यक द्वारा बिंब पर अंतरित कोण है।

5500 Å के प्रकाश के लिए

$$d_{\min} = \frac{1.22 \times 5.5 \times 10^{-7}}{2 \sin \beta} \text{m}$$

100V से त्वरित इलेक्ट्रॉनों के लिए दे ब्राग्ली तरंगदैर्घ्य है

$$\lambda = \frac{h}{p} = \frac{1.227}{\sqrt{100}} = 0.13\text{nm} = 0.13 \times 10^{-9} \text{m}$$

$$\therefore d'_{\min} = \frac{1.22 \times 1.3 \times 10^{-10}}{2 \sin \beta}$$

$$\therefore \frac{d'_{\min}}{d_{\min}} = \frac{1.3 \times 10^{-10}}{5.5 \times 10^{-7}} \sim 0.2 \times 10^{-3}$$

**10.18** $T_2P = D + x$, $T_1 P = D - x$

$$S_1P = \sqrt{(S_1T_1)^2 + (PT_1)^2}$$

$$= [D^2 + (D - x)^2]^{1/2}$$

$$S_2P = [D^2 + (D + x)^2]^{1/2}$$

निम्निष्ठ प्राप्त होगा जब

$$[D^2 + (D + x)^2]^{1/2} - [D^2 + (D - x)^2]^{1/2} = \frac{\lambda}{2}$$

यदि $x = D$

$$(D^2 + 4D^2)^{1/2} = \frac{\lambda}{2}$$

$$(5D^2)^{1/2} = \frac{\lambda}{2}$$

$$\therefore D = \frac{\lambda}{2\sqrt{5}}.$$

**10.19** बगैर P के

$$A = A_{\perp} + A_{11}$$

$$A_{\perp} = A_{\perp}^1 + A_{\perp}^2 = A_{\perp}^0 \sin(kx - \omega t) + A_{\perp}^0 \sin(kx - \omega t + \phi)$$

$$A_{11} = A_{11}^{(1)} + A_{11}^{(2)}$$

$$A_{11} = A_{11}^{0}[\sin(kx - wt) + \sin(kx - \omega t + \phi)]$$

जहाँ $A_{\perp}^{0}$, $A_{11}^{0}$ किसी भी किरण पुंज के $\perp$ तथा 11 ध्रुवणों में आयाम हैं।

$\therefore$ तीव्रता

$$= \left\{|A_{\perp}^{0}|^2 + |A_{11}^{0}|^2\right\}[\sin^2(kx - wt)(1 + \cos^2\phi + 2\sin\phi) + \sin^2(kx - \omega t)\ \sin^2\phi]_{\text{औसत}}$$

$$= \left\{|A_{\perp}^{0}|^2 + |A_{11}^{0}|^2\right\}\left(\frac{1}{2}\right).2(1+\cos\phi)$$

$$= 2|A_{\perp}^{0}|^2.(1 + \cos\phi)\text{since}\,|A_{\perp}^{0}|\ \text{औसत}\ = |A_{11}^{0}|\ \text{औसत}$$

P के साथ:

माना $A_{\perp}^{12}$ अवरुद्ध है

तीव्रता = = $(A_{11}^{1} + A_{11}^{2})^2 + (A_{\perp}^{1})^2$

$$= |A_{\perp}^{0}|^2(1 + \cos\phi) + |A_{\perp}^{0}|^2.\frac{1}{2}$$

दिया है: $I_o = 4|A_{\perp}^{0}|^2$ = बगैर पोलेराइजर के मुख्य उच्चिष्ठ तीव्रता

पोलेराइजर के साथ मुख्य उच्चिष्ठ पर तीव्रता

$$= |A_{\perp}^{0}|^2\left(2 + \frac{1}{2}\right)$$

$$= \frac{5}{8}I_0$$

पोलेराइजर के साथ मुख्य उच्चिष्ठ पर तीव्रता

$$= |A_{\perp}^{0}|^2(1 - 1) + \frac{|A_{\perp}^{0}|^2}{2}$$

$$= \frac{I_0}{8}$$

**10.20** पथांतर = $2d\sin\theta + (\mu - 1)l$

$\therefore$ मुख्य उच्चिष्ठ के लिए

$$2d\sin\theta + 0.5l = 0$$

$$\sin\theta_0 = \frac{-l}{4d} = \frac{-1}{16} \qquad \left(\because l = \frac{d}{4}\right)$$

$$\therefore \text{ OP} = D\tan\theta_0 \approx -\frac{D}{16}$$

प्रथम निम्निष्ठ के लिए

$$\therefore 2d\sin\theta_1 + 0.5l = \pm\frac{\lambda}{2}$$

$$\sin\theta_1 = \frac{\pm\lambda/2 - 0.5l}{2d} = \frac{\pm\lambda/2 - \lambda/8}{2\lambda} = \pm\frac{1}{4} - \frac{1}{16}$$

धनात्मक दिशा में: $\sin\theta^{+} = \frac{3}{16}$

ऋणात्मक दिशा में: $\sin\theta^{-} = -\frac{5}{16}$

धनात्मक दिशा में प्रथम मुख्य उच्चिष्ठ की दूरी

$$D\tan\theta^{+} = D\frac{\sin\theta^{+}}{\sqrt{1-\sin^2\theta}} = D\frac{3}{\sqrt{16^2 - 3^2}} \text{ O के ऊपर}$$

ऋणात्मक दिशा में दूरी होगी $D\tan\theta^{-} = \frac{5}{\sqrt{16^2 - 5^2}}$ O के नीचे

**10.21** (i) $R_1$ जो A से $d$ दूरी पर है, पर विक्षोभों के बारे में विचार करें। मान लीजिए A के कारण $R_1$ पर तरंग है $Y_A = a\cos\omega t$। A से संकेत का B से पथान्तर $\lambda/2$ है तथा इस प्रकार कलान्तर $\pi$ है।

इस प्रकार B के कारण $R_1$ पर तरंग है

$$y_B = a\cos(\omega t - \pi) = -a\cos\omega t$$

C से संकेत का A से पथान्तर $\pi$ है और इस प्रकार कलान्तर $2\pi$ है।

अत: C के कारण $R_1$ पर तरंग है $y_c = a\cos\omega t$। D तथा A से संकेत के बीच पथान्तर है




$$\sqrt{d^2 + \left(\frac{\lambda}{2}\right)^2} - (d - \lambda/2)$$



23/04/18

$$= d\left(1+\frac{\lambda}{4d^2}\right)^{1/2} - d + \frac{\lambda}{2}$$

$$= d\left(1+\frac{\lambda^2}{8d^2}\right)^{1/2} - d + \frac{\lambda}{2}$$

पथान्तर $\sim \dfrac{\lambda}{2}$ और इसलिए कलान्तर $\pi$ है।

$\therefore y_D = -a\cos\omega t$

$R_1$ पर प्राप्त होने वाला संकेत है

$y_A + y_B + y_C + y_D = 0$

मान लीजिए B से $R_2$ पर प्राप्त होने वाला संकेत है $y_B = a_1 \cos \omega t$। B तथा D पर संकेतों के बीच पथान्तर $\lambda/2$ है

$\therefore y_D = -a_1\cos\omega t$

A तथा B पर संकेत के बीच पथान्तर है

$$\sqrt{(d)^2+\left(\frac{\lambda}{2}\right)^2} - d = d\left(1+\frac{\lambda^2}{4d^2}\right)^{1/2} - d \sim \frac{1}{8}\frac{\lambda^2}{d^2}$$

$\therefore$ कलान्तर है $\dfrac{2\pi}{8\lambda}\cdot\dfrac{\lambda^2}{d^2} = \dfrac{\pi\lambda}{4d} = \phi \sim 0$

अत: $y_A = a_1 \cos(\omega t - \phi)$

इसी प्रकार $y_C = a_1 \cos(\omega t - \phi)$

$\therefore$ $R_2$ द्वारा चयनित संकेत है

$y_A + y_B + y_C + y_D = y = 2a_1 \cos(\omega t - \phi)$

$\therefore |y|^2 = 4a_1^2\cos^2(\omega t - \phi)$

$\therefore \langle I\rangle = 2a_1^2$

अत: $R_1$ वृहत संकेत चयन करता है।

(ii) यदि B को बन्द कर दिया जाए

$R_1$ चयन करता है $y = a\cos\omega t$

$\therefore \langle I_{R_1}\rangle = \dfrac{1}{2}a^2$

$R_2$ चयन करता है $y = a\cos\omega t$

$\therefore \langle I_{R_2}\rangle = \dfrac{1}{2}a_1^2$

इस प्रकार $R_1$ तथा $R_2$ समान संकेत चयन करते हैं।

(iii) यदि D को बन्द कर दिया जाए

$R_1$ चयन करता है $y = a\cos\omega t$

$$\therefore \langle I_{R_1}\rangle = \frac{1}{2}a^2$$

$R_2$ चयन करता है $y = 3a\cos\omega t$

$$\therefore \langle I_{R_2}\rangle = \frac{1}{2}9a^2$$

इस प्रकार $R_2$, $R_1$ तुलना में वृहत संकेत चयन करता है।

(iv) इस प्रकार $R_1$ पर संकेत दर्शाता है कि B बन्द कर दिया गया है तथा $R_2$ पर एक वृहत संकेत दर्शाता है $D$ को बन्द कर दिया गया है।

**10.22** (i) मान लीजिए कि अभिधारणा सही है, तब दो समान्तर किरणें चित्र में दर्शाए अनुसार अग्रसर होती हैं। मान लीजिए ED तरंगाग्र को दर्शाता है तो इस पर तमाम बिंदु समान कला में होने चाहिए। समान प्रकाशिक पथ लम्बाई के सभी बिंदु समान कला में होने चाहिए।



चित्र 1

अत: $-\sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\ AE = BC - \sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\ CD$

या BC = $\sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\,(CD - AE)$

चूंकि $BC > 0$, $CD > AE$

यह दर्शाता है कि अभिधारणा युक्तिसंगत है। तथापि, यदि प्रकाश उसी प्रकार अग्रसित होता है जैसे यह साधारण पदार्थों में होता है (अर्थात, चौथे चतुर्थांश में चित्र 2)



चित्र 2

तब $-\sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\ AE = BC - \sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\ CD$

या, $BC = \sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\,(CD - AE)$

क्योंकि $AE > CD$, $BC < O$

यह दर्शाते हुए कि ऐसा सम्भव नहीं है। अत: अभिधारणा सही है।

(ii) चित्र 1 से

BC = $AC \sin\theta_i$ तथा $CD$-AE = $AC \sin\theta_r$:

क्योंकि $-\sqrt{\varepsilon_r\mu_r}\,(AE - CD) = BC$

$$-n\sin\theta_r = \sin\theta_i.$$

